>

Title: Need to provide a stoppage of Rajdhani Express at Sasaram Railway junction, Bihar and also expedite construction of proposed railway line from Dehri-on-sone to Banjari.

श्री छेदी पासवान (सासाराम): सभापति महोदया, पूर्व मध्य रेलवे के सासाराम जंक्शन पर गाड़ी सं.-12301/12302 (हावड़ा-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस) एवं गांडी सं.- 12313/12314 (नई दिल्ली-सियालदह राजधानी एक्सप्रेस) का ठहराव सुनिश्चित करने के संबंध में ।

वर्ष 2008-2009 के रेल बजट में स्वीकृत डेहरी-ऑन-सोन से बंजारी तक प्रस्तावित रेल लाइन के निर्माण के संबंध में ।

उपर्युक्त विषयों के संदर्भ में अनुरोध है कि पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत 30 करोड़ रुपये से अधिक राजस्व देने वाला सासाराम जंक्शन एक ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्व के विश्व धरोहर वाला शहर में स्थित है । बौद्ध सर्किट में स्थित एक बड़ा व्यापारिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र है । यहां पर देश की सबसे बड़ी बुद्ध प्रतिमा है, जहां पूरे वर्ष देश-विदेश के पर्यटकों का आवागमन लगा रहता है । देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं/यात्रियों की सुविधा हेतु राजधानी एक्सप्रेस का ठहराव सासाराम जंक्शन पर किया जाए ।

डेहरी-ऑन-सोन से बंजारी तक प्रस्तावित रेल लाइन का निर्माण काफी दिनों से लंबित है, जिसे शीघ्र कार्यान्वित करने के लिए रेल मंत्रालय को सदन के माध्यम से इस पुनीत कार्य हेतु निर्देशित करने की कृपा की जाए ।